बिग बॉस 12 की कंटेस्टेंट सृष्टि रोडे का शॉर्ट हेयर में ग्लैमरस अवतार

बिग बॉस 12 की कंटेस्टेंट रह चुकीं सृष्टि रोडे टीवी की स्टाइलिश ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। दर्जनों टीवी शोज में काम कर चुकीं सृष्टि अधिकतर अपने लुक पर एक्स्पेरिमेंट करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी हेयर स्टाइल भी चेंज की है। उन्होंने अपने बालों को शॉर्ट कर लिया है। इसकी तस्वीरें भी शेयर की है।

सृष्टि रोडे ने अपने हेयर कट का विडियो इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। उनका नया लुक उनके फैन्स को भी काफी पसंद आ रहा है। उनका न्यू शॉर्ट हेयर स्टाइल उन्हें पहले से काफी फ्रेश और ग्लैमरस लुक दे रहा है।

बता दें कि हाल ही में सृष्टि के को-कंटेस्टेंट रोहित सुचांती ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके लिए अपनी फ़ीलिंग शेयर की। उन्होंने कहा मैं सृष्टि को काफी पसंद करता हूं। रोहित ने कहा मुझे नहीं पता वह इस बारे में जानने के बाद कैसे रिऐक्ट करेंगी।

फिलहाल रोहित के इस कनफेशन पर सृष्टि ने अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें कि सृष्टि और रोहित दोनों ही इन दिनों सोलो ट्रिप पर हैं। हालांकि सृष्टि थाईलैंड में हैं जबकि रोहित जापान में छुट्टियां मना रहे हैं।

मुझे फैसलों पर कोई पछतावा नहीं: वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूर ने कहा कि उन्हें अपने पेशेवर फैसलों पर कोई अफसोस नहीं है और वह अपनी पसंद से बहुत खुश हैं। वाणी ने बताया, मैंने जो भी किया है उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे कोई पछतावा नहीं है। वाणी ने 2013 की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म शुद्ध देसी रोमांस के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। वह जल्द ही रणबीर कपूर के साथ शमशेरा में नजर आएंगी।

अपनी अगली चुनौती पर बात करते हुए वाणी ने कहा, बहुत कुछ करना है। बहुत सारी चुनौतियां हैं जिनका मैं इंतजार कर रही हूं। मैं एक एक्शन फिल्म, एक फुल-ऑन कॉमेडी फिल्म, पारिवारिक ड्रामा और एक भावपूर्ण रोमांटिक फिल्म करना चाहती हूं।

आपको पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में क्या प्रेरित करता है? इस सवाल पर वह कहती हैं, व्यक्तिगत रूप से जीवन की खुशी और पेशेवर रूप से वह काम जो मैं करती हूं, मुझे आगे बढ़ाता है..प्रेरित करना है। मैं महत्वाकांक्षी और भावुक हूं। मेरा काम मुझे खुशी देता है।

मोनोकिनी में ऐक्ट्रेस पूजा बनर्जी का हॉट अवतार

पॉप्युलर टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी के 2 में अनुराग बासु की बहन निवेदिता का रोल निभा रही पूजा बनर्जी पिछले दिनों श्रीलंका में छुट्टियां मानने गई थीं। पूजा ने अपने वकेशन डायरी से कुछ फोटोज शेयर हैं। इन फोटोज में एक नीली मोनोकिनी पहने दिख रही हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर पूजा अपना हॉट अवतार सोशल मीडिया पर दिखा चुकीं हैं। पूजा असल जिंदगी में एक दीवा हैं और अपने हॉट फिगर को फ्लॉन्ट करना पसंद करती हैं। मोनोकिनी में पूजा के हॉट फिगर ने सोशल मीडिया पर तापमान को बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में पूजा काफी हॉट और गॉरजस दिख रही हैं। पिछले साल पूजा कसौटी जिंदगी के 2 में अनुराग का रोल निभा रहे पार्थ सम्थान के साथ दोहा में छुट्टियां मनाने गई थीं। दोनों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ बेहतरीन तस्वीरें शेयर की थीं। इस तस्वीरों में पूजा ट्रेडिशनल के साथ-साथ वेस्टर्न और हॉट बिकीनी में दिखाई दे रही थीं। पूजा ने फ्रिंज्ड बिकीनी में भी अपनी एक तस्वीर शेयर की थी।

फिल्म इंडस्ट्री में इतने समय तक बने रहने की कल्पना नहीं थी: रितेश देशमुख

अभिनेता रितेश देशमुख का कहना है कि उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि वह इंडस्ट्री में इतने लंबे समय तक बने रहेंगे।

रितेश ने 16 साल पहले फिल्म तुझे मेरी कसम से बालीवुड में अपनी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि तुझे मेरी कसम मेरे करियर की पहली और आखिरी फिल्म होगी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इंडस्ट्री में इतने लंबे समय तक बना रहूंगा। मैं अपने जीवन में प्राप्त हुए सभी अवसरों के लिए आभारी हूं। रितेश ने कहा, यह एक बेहद रोमांचक उतार-चढ़ाव भरी यात्रा थी। मैंने जीवन के हर चरण में कुछ सीखा है। जब मैंने पहली फिल्म की तो मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं इंडस्ट्री में दशक भर से ज्यादा समय तक बना रहूंगा, लेकिन मैंने कठिन मेहनत की.. और फिल्म की और हर परियोजना में खुद में सुधार की कोशिश की। साल 2003 में अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद रितेश ने कॉमेडी में अपनी अलग जगह बनाई। उन्होंने मस्ती, क्या कूल हैं हम, मालामाल वीकली, हे बेबी व हाउसफुल जैसी फिल्में कीं। रितेश हाल ही में रिलीज टोटल धमाल में दिखाई दे रहे हैं।